आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 19.11.2024 समय: 2.10 PM

जी20 प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रियो दी जिनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन से अलग कई वैश्विक नेताओं के साथ बैठक की। प्रधानमंत्री ने इन वैश्विक नेताओं के साथ अपनी चर्चा का ब्यौरा सोशल मीडिया पोस्ट पर साझा किया। उन्होंने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सिसि, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन सहित वैश्विक नेताओं के साथ अपने विचार विमर्श का उल्लेख किया।

मध्य प्रदेश दिवस

दिल्ली स्थित “भारत मंडपम” में चल रहे 43वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मध्य प्रदेश दिवस का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश दिवस समारोह में बुंदेलखंड के अखाड़ा लोकनृत्य और महाकौशल के श्री जानकी बैंड की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इससे प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से मेले के आगंतुकों को परिचय करवाया जाएगा। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप विशेष अतिथि होंगे।

इफ्फी

55 वां अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव - इफ्फी कल से गोवा में शुरू होने जा रहा है। यह महोत्सव 28 नवम्बर तक जारी रहेगा। इस महोत्सव के दौरान 81 देशों के एक सौ 80 अंतर्राष्ट्रीय फिल्में दिखाई जाएंगी। महोत्सव के प्रेक्षागृहों तक निर्बाध यातायात

सुनिश्चित करने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह महोत्सव ए.आर. रहमान, आर. माधवन, रकुल प्रीत सिंह और पंकज कपूर सहित अन्य कलाकारों सहित प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति का साक्षी बनेगा। इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया को फोकस देश के रूप में चुना गया है। भोपाल की अभिनेत्री ज्योति दुबे ने आकाशवाणी को बताया कि इस बार कार्यक्रम युवाओं पर केन्द्रित है.

7वां प्राकृतिक चिकित्सा दिवस

शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय, भोपाल के स्वास्थ्य कल्याण केंद्र में 7वां प्राकृतिक चिकित्सा दिवस कार्यक्रम का आयोजन कल होगा। यह कार्यक्रम केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित विषय "प्राकृतिक चिकित्सा से समग्र स्वास्थ्य" पर आधारित होगा। इसमें "आदर्श पुरोधा" एवं "प्रतिमान योद्धा" नामक दो सम्मान भी दिए जाएंगे। यह सम्मान प्राकृतिक जीवन के आदर्शों पर 90 वर्ष के ऊपर आयु के स्वस्थ सैनिकों को दिए जाएंगे। कार्यक्रम में सलाहकार केंद्रीय आयुष मंत्रालय अशोक वार्ष्णेय एवं आयुक्त आयुष श्रीमति उमा माहेश्वरी आर सहित विभिन्न विषय विशेषज्ञ एवं चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।

मावलंकर शूटिंग शाटगन चैम्पियनशिप

33वीं आल इण्डिया जी.व्ही. मावलंकर शूटिंग शाटगन चैम्पियनशिप का आयोजन 16 से 20 नवंबर तक आर्मी निशानेबाजी यूनिट, मऊ इन्दौर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के शाटगन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर 8 स्वर्ण, 5 रजत सहित कुल 13 पदक अर्जित किये। उल्लेखनीय है कि इस प्री नेशनल प्रतियोगिता में किये गये प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को नेशनल में प्रतिभागिता कर प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

समाचार संक्षेप में....

1. धार जिले में विश्व धरोहर सप्ताह आज से 24 नवंबर तक मनाया जा रहा है । इस अवसर पर धार के प्राचीन संग्रहालय में विष्णु के दशावतार पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

2. सतना जिले में बाल कल्याण एवं संरक्षण की दिशा में 187 बच्चों को दत्तक गृहण कराया गया है। इसी तरह माता-पिता विहीन 409 बच्चों को उनके अभिभावकों के माध्यम से पालन-पोषण के लिए 4 हजार रूपये मासिक राशि की सहायता दी जा रही है।

3. शिवपुरी जिला चिकित्सालय के दो सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों कर्मचारियों द्वारा विकलांगता प्रमाण पत्र का सत्यापन न करने तथा अवैध पैसों की मांग करने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है।

4. कटनी जिले में अभी तक लगभग 2 लाख व्यक्तिगत शौचालय बन चुके हैं वहीं 400 सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण कराया गया है.

और

5. बैतूल में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पौने तीन किलो से अधिक गांजा बरामद किया है।